आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 02.10.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप एक समृद्ध और सशक्त उत्तराखण्ड के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध।

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चेतावनी दी है कि सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का करारा जवाब दिया जाएगा।

- केदारनाथ धाम के कपाट 23 अक्टूबर और बद्रीनाथ मन्दिर के कपाट 25 नवंबर को शीतकाल के लिए बन्द किए जाएंगे।

- बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा का त्योहार आज आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया।

शहीद राज्य आंदोलनकारियों

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप एक समृद्ध और सशक्त उत्तराखण्ड के निर्माण के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य कर रही है। वे आज मुजफ्फरनगर स्थित रामपुर तिराहा शहीद स्थल पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में श्री धामी ने कहा कि राज्य की नींव शहीदों के खून से सींची गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दो अक्टूबर 1994 का रामपुर तिराहा गोलीकांड उत्तराखंड आंदोलन का सबसे काला अध्याय था। इस बर्बर कांड ने हर उत्तराखंडी की आत्मा को झकझोर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल का री–डेवलपमेंट मास्टर प्लान तैयार करने और संग्रहालय को भव्य रूप देने, कैंटीन व बस स्टॉपेज बनाने की भी घोषणा की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने देहरादून स्थित शहीद स्थल कचहरी परिसर में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज चेतावनी दी कि सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का ऐसा निर्णायक जवाब दिया जाएगा जिससे इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएँगे। श्री सिंह ने भुज में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित सेनाओं के क्षमता अभ्यास में भाग लिया। रक्षा मंत्री ने शस्त्र पूजन समारोह में भी भाग लिया। रक्षामंत्री ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए केवल संकल्प ही पर्याप्त नहीं है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ – आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने आज कहा कि आत्म निर्भर बनने और वैश्विक एकता के पक्षधर होने के नाते हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्भरता हमारी विवशता नहीं है और हम अपनी इच्छानुसार कार्य करने में सक्षम हैं। स्वदेशी और स्वावलम्बन का कोई विकल्प नहीं है। डॉ. भागवत ने अमेरिकी आयात शुल्क के बीच उपजी परिस्थिति में 'स्वदेशी' अपनाने पर भी बल दिया। संघ प्रमुख आज सुबह नागपुर के रेशमबाग में आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह और विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उत्तराखंड परीक्षाफल सुधार

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (प्रथम) तथा परीक्षा 2024 (तृतीय) का परिणाम 3 अक्टूबर को पूर्वाह्न साढ़े दस बजे घोषित करेगा। परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल परिषद की वेबसाइट ubse.uk.gov.in पर देख सकते हैं।

चारधाम कपाट

विजयदशमी के पर्व पर आज पंचांग गणना के आधार पर चारों धामों के कपाट बंद करने की तिथि घोषित की गयी है। इस वर्ष 22 अक्टूबर को गंगोत्री और 23 अक्टूबर को केदारनाथ व यमुनोत्री धाम तथा 25 नवंबर को बद्रीनाथ मन्दिर के कपाट शीतकाल के लिए बन्द कर दिए जाएंगे। श्री बदरी–केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए 25 नवंबर को दोपहर दो बजकर 56 मिनट पर बंद होंगे।

उत्तरकाशी से यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम के कपाट भैया दूज पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कपाट बंद होने के बाद श्रद्धालु अगले छह माह खरसाली गांव में मां यमुना के दर्शन और पूजा–अर्चना कर सकेंगे।

इस बीच, प्रदेश में चारधाम यात्रा अपने अंतिम चरण में पूरे उत्साह के साथ जारी है। 30 अप्रैल से शुरू हुई यात्रा में अब तक 45 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं।

दशहरा

विजयादशमी यानी दशहरा का पर्व आज आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजय दशमी के अवसर पर सभी को शुभकानाएं दी हैं।

देहरादून, हरिद्वार और राज्य के अन्य जिलों में आज शाम रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया।

गौरतलब है कि विजयादशमी यानी कि दशहरा हिंदूओं का प्रमुख त्योहार है जो अश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। यह त्योहार असत्य पर सत्य की विजय और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं के अनुसार आज के दिन भगवान श्रीराम ने लंका के राजा रावण का वध किया था।

गांधी जयंती/शास्त्री जयंती

आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने सम्पूर्ण विश्व के लिए सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया है। पूर्व प्रधानमंत्री का स्मरण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनकी सादगी और सरलता से परिपूर्ण जीवन शैली हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा और मानवता के प्रति करूणा का भाव जागृत करना ही गांधी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए श्री धामी ने कहा कि शास्त्री जी का सादगीपूर्ण और समर्पित जीवन देश की युवापीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

इस बीच, प्रदेश भर में आज विविध कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस मौके पर राज्य में जगह–जगह स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया।

## सेवा पखवाड़ा

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के अंतर्गत राजभवन में आयोजित स्वच्छता अभियान में शामिल होते हुए स्वयं परिसर की सफाई में भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्य नहीं बल्कि जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए हमें कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि हमें अपने घर, कार्यस्थल और आसपास के वातावरण में ही स्वच्छता को दृष्टिकोण बनाना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आहवान किया।